A Civil Society Organization
**Sankalp**
Sanskritik Samiti
ISO Certification 9001-2015

Reg. No.: 22414/19-7-1989
Phone : +91-771-2442060
Mob. : +91-98271 79103
Email : sankalpss1@rediffmail.com

Date..........................

Ref......

2030 / SSS / 2024 रायपुर दिनांक 26.09.2024

प्रति,
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला रायपुर (छ.ग.)

**विषय :** हमारी संस्था में कार्यरत पूनम पाल पिता श्री राम मिलन पाल के संबंध में ।

महोदय,

हमारी संस्था के ODIC परियोजना जो सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित है उसमें Outreach Worker के पद पर कार्यरत कर्मचारी सुश्री पूनम पाल पिता श्री राम मिलन पाल दिनांक 01 सितम्बर 2022 से निरंतर कार्यरत है । जिनका कार्य फुल टाइम 10:30 से 05:30 तक का है । उनके पद के अनुसार उनका फिल्ड का कार्य था चुंकि ऑफिस से वह फिल्ड के लिए निकलती थी व Live location व फील्ड की फोटो डालती थी तथा Coordinator द्वारा समय–समय पर जांच भी किया जाता था कभी – कभी तो मिल जाती परन्तु कभी–कभी गायब रहती थी। जिससे उनकी फिल्ड की जांच की गई तब हमारी संस्था के पदाधिकारियों को कल दिनांक 25 सितम्बर 2024 को ज्ञात हुआ कि पूनम पाल महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्प लाइन में भी कार्य कर रही है । जानकारी के आभाव में हमारी संस्था द्वारा संचालित परियोजना से उन्हें मानदेय PFMS के जरिये दिया जा रहा है जिनका Vendor ID VACTRP00188610 है ।

चुंकि महिला एवं बाल विकास विभाग से उनके विषय में संस्था से कोई जानकारी तथा NOC नहीं मांगी गई थी । इसलिये वे दो स्थानों में एक अवधी में कार्य कर रही थी यह कार्य न्यायोचित नही है वे धोखे में रखकर दो जगह से वेतन प्राप्त कर रही है ।

अतः उनके द्वारा किये जा रहे कृत्य की जानकारी प्राप्त होते ही उन्हें आज दिनांक 26.09.2024 संस्था द्वारा संचालित ODIC परियोजना से Outreach Worker के पद हटाया जा रहा है । जानकारी आपको और सूचनार्थ प्रेषित है ।

सादर धन्यवाद ।

DIRECTOR
SANKALP SANSKRITIK SAMITI
RAIPUR (C.G.)

18, Kailash Residency, Meera Datar Road, Shankar Nagar, Raipur - 492001 (Chhattisgarh) INDIA

# कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी

**महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर (छ.ग.)**
**राज भवन के पास, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रोजगार कार्यालय के बाजू**
**दुरभाष नम्बर–0771–4280486 ई.मेल** dcporaipur@gmail.com, icpsraipur@gmail.com

क्रमांक / 1003 / मबावि / मि.वा. / 2024–25 रायपुर, दिनांक 21 –10–2024

प्रति,

सुश्री पूनम पाल,
रायपुर (छ.ग.)

विषयः– सुनवाई हेतु उपस्थिति विषयक।
संदर्भः– संकल्प सांस्कृतिक समिति रायपुर का पत्र क.2032 दिनांक 14.10.2024।

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के माध्यम से संकल्प सांस्कृतिक समिति द्वारा जानकारी उपलब्ध करायी गई है जिसके अनुसार आपके द्वारा उक्त संस्था में दिनांक 01.09.2022 से अगस्त 2024 तक कार्यालयीन समय 10.30 से 5.30 बजे तक कार्य किया जा रहा था जिसके संबंध में संस्था द्वारा उपस्थिति पंजी एवं प्रदाय किये गये वेतन की जानकारी उपलब्ध कराई गयी है। उक्त अवधि में ही आपके द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित जिला चाईल्ड हेल्प लाईन में माह सितम्बर 2023 से वर्तमान तक कार्य किया जा रहा है, चाईल्ड हेल्प लाईन में संधारित उपस्थिति पंजी में आपके द्वारा उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर किया है एवं विभाग द्वारा वेतन भी प्राप्त किया गया है। जिससे स्पष्ट होता है कि आपके द्वारा एक ही समय में दो संस्थाओं में कार्य करने का वेतन लिया गया है।

उक्त के संबंध में अपना स्पष्टीकरण लिखित में प्रस्तुत करते हुये दिनांक 23.10.2024 को समय 12.00 बजे जिला कार्यालय, पुराना पुलिस मुख्यालय के बाजू में समक्ष में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे, निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला–रायपुर (छ.ग.)

पृ.क्रं. / 1004 / मबावि / मि.वा. / 2024–25 रायपुर, दिनांक 21–10–2024

प्रतिलिपिः–

1. संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग, अटल नगर, नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. कलेक्टर, जिला रायपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
3. समन्वयक, जिला चाईल्ड हेल्प लाईन की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला–रायपुर (छ.ग.)